15th August, 2008.

Dear Colleagues,

On this momentous occasion of the 61st anniversary of our Independence Day, I extend my warmest greetings to each one of you and your family members. On this day let us pay our tribute to those martyrs who brought freedom to this great nation. In the struggle for independence countless people gave their ultimate sacrifice to realize the dream of an Independent India under the leadership Mahatma Gandhi. The present day younger generation appears to have a disconnect with the great Indian history of freedom struggle. But on the eve of the Independence Day it is quite heartening to watch on TV children across the country performing several enactments/plays shown with reminiscence of great sacrifices of our forefathers in their struggle for independence. This reminds us that *freedom is not free it can only be earned.* I was particularly impressed watching the event that unfolded at Jalianwalabag where kids were emotionally drawn appreciate the ultimate sacrifice that our people gave to secure freedom. Please join me in offering our gratitude and reverence and pay homage to the sacrifices of the freedom fighters of the country.

As I stand right here on this day and look at this laboratory, my thoughts hinge to the targets and goals that I had set on the last couple of occasions. I have over these two and half years tried to put a new vision in place in which each one of you have a role to play.

- *A strong and united IMMT in which the creative and innovative ideas of our scientists can find full expression.*
- *A unique CSIR laboratory where its staff members perform their duty not only with self-respect and dignity but also feel proud to be part of this great organization.*
- *An invigorated IMMT that is recognized in the country as a premier R&D organization where excellence in research is pursued with passion.*

Thus the vision for this laboratory has been to aim high, perform and achieve targets for which no one would have given us a chance. Despite several hurdles we are slowly but steadily reaching our goals; we have experienced success in several areas but have failed in some. But I can assure you that I am firm in my conviction that this laboratory has the potential to be one of the best institutes in the country and it is only a matter of time before we realize our fullest potential.

Reporting on some of the research activities of the Institute as part of our tradition for this auspicious day I feel a sense of satisfaction. The network project has given a major impetus to our research program on iron ore which is going to meet the R&D demands of this region. Thanks to the efforts of Dr. S.K. Biswal we have signed an MOU with M/s Essar Steel for long term research collaboration. A slew of similar such MOU's are

in offing that will lead to set-up of a technology park. I am happy to report that DG CSIR has already pledged his support to our proposal on the technology park.

Major MOU's are in offing with two premier institutes of Japan and UK in colloids and materials chemistry area for collaborative research and exchange of scientists on agreeable terms.

As you know IMMT is going to house the Innovation Center for Plasma Processing— one of its kind in the country where we intend to develop advanced materials for strategic applications. It will be a central facility for the entire CSIR and will be specifically built to supplement the National Fusion program apart from meeting our own research agenda.

Our renewed commitment to industrial research coupled with recent investments in modern facilities is having profound impact in nurturing a culture that is bound to promote excellence. Several cutting edge research ideas that we have been pursuing are likely to materialize during this financial year. The extraction of gold from lean grade deposits of Karnataka, Extraction of Berrylium, Biofuel from Algae, Center for Fly Ash Processing, Rural Technology Park, are some of those projects among many others that we would be pursuing actively during this year. I take this opportunity to thank Dr. R.K. Paramguru and his *Berryl* team, Mr. P.S.R Reddy and his team, Mr. L.B. Sukla, Dr. B.D. Nayak, Dr. B.B. Nayak, Dr. G.V. Rao, Dr. P.K. Panda, Mr. S.K. Mishra, Mr. S.K. Khuntia and many others those who have been tirelessly working to ensure that such projects take-off as early as possible.

Our Honorable Prime Minister Sri Manmohan Singh had put emphasis on skill based education and a new national program on vocational education and skill development is being launched. This program will ensure training of about 100 lakh students with active participation from private sector. Inspired from this initiative we set the ball rolling for a *One-year PG Diploma Course* and sought permission from CSIR for its implementation. Here we intend to supplement the diploma program through skill enhancement by exposing the diploma holders to advance engineering tools so that they could take up challenging jobs in the industry. I am glad to announce that under the aegis of CSIR AIST, our program will be operational from the next academic year.

On 15th August 2006, I talked about *independence of research*; On the same day 2007, I talked about *quality of research*; Today I will say briefly about *team work and its impact on R&D* at IMMT. I believe that one should do his work in such a fashion that others can build on top of it. This way science will be pursued in a cumulative manner and it is only then instead of addressing isolated problems we will try to solve a class of problem for bigger impact. This is where one feels the need for a team where a greater sense of alliance and trust prevails. In a team I would like to see distributed leadership where individuals willingly contribute; risk taking and creativity are encouraged and one's

accountability is well defined. When mistakes are made they are construed as source of learning rather than reasons of punishment. This is the cardinal principle by which younger members to the team are inducted. As of inducting and nurturing talent goes, we have succeeded to a large extent but still have to go a long way particularly in our approach to team building.

Our younger scientists are feeling jittery and perhaps unsettled. I keep them engaged in discussion at least once a week. I understand their problems and most of them are related to the way we conduct our business here. Remember no matter how good we are as scientists, we need to learn to work with the system and take advantage of it. CSIR system has a lot to offer, if you learn how to use it. It takes patience, but you can learn how to use the system to your advantage, and you can learn how to get around it. Simply put, if you want to do something, don't ask anybody, just do it, you will have my support.

While talking about the younger lot I am happy to announce that we will be organizing a 2-day programme on *Career Options in Engineering Science (COES-2008)* during September 17-18, 2008. The primary objective of the programme is to expose young scholars (students presently pursuing 7th Semester of B.Tech /B. E. or 2nd year of M. Tech./M. Sc. Programmes) to the *state-of-the-art* scientific research and infrastructure available at IMMT and provide them a platform to interact with leading scientists of our laboratory. I expect you to participate in this program to make it a success.

Modernisation of infrastructure and creation of an enabling working environment have been my prime focus since I have joined this institute. You get a taste of that right here when you look at the landscape of this very garden and how it has blossomed in a span of two years. All I have been trying is to provide the necessary platform for modern R&D activities to thrive. While several new facilities will be housed through the Center for Innovation for Plasma Processing, two other non-network projects will allow us to replace certain older equipment with newer ones.

I affirm my commitment to the welfare and well-being of my colleagues of IMMT. There has been a need to put in place certain facilities to make this campus bubble with recreational activities. The front-yard ground and the tennis court will be completed soon and right after that we will prepare the children park. A new multipurpose recreation center will be constructed next year to cater to the increasing demands from the campus community.

We will ensure through a highly appropriate CSIR initiative in line with “Sarva Sikhsa Abhiyan” that all the children within the age of 6 to 14 years are taking formal education in school. Also parents will be motivated to send their children to school.

CSIR expects research students, project assistants, and emeritus scientists to spare some time to teach computer and science subjects to the colony children. Steps will be taken to enhance the academic results of the students and motivate them to take science as a career. I am thrilled about this idea and I hope all of you will contribute and cooperate.

One campus learning center with dedicated computers and internet facility will be set up in our colony and a day-care center for woman employees in the office premises will be opened after considering our needs and requirement.

Last year, I urged COFA, AO, SPO & SE as departmental heads to maintain a better cooperation for the sake of efficient management and coordination. I must say that the situation is much more encouraging now but there is always that little scope for improvement. Each one of you must try to provide the sort of atmosphere where a scientist would feel most welcome even in compelling situations. Let there be no doubt that the long term sustenance of this laboratory lies in the hands of our scientists. The work load will increase in the days ahead and you are expected to be more innovative in your approach to deliver more.

I must admit that since Professor Samir Brahmachari has taken over the reins of CSIR as DG, there is a change in perception about IMMT almost everywhere which is something I value most. I must tell you that without his encouragement and timely advice it would have been a struggle for me. On this occasion, I would like to thank Professor Brahmachari for his valuable guidance and support to our laboratory.

Finally, while we move ahead, I would like to draw your attention to disruptive forces. There can be varying opinion as to how to handle such elements but I can assure you that anyone who comes in our way of building IMMT as a great institute of lasting value will be shown the way. Those of you show character and commitment and willing to deliver will be rewarded and this laboratory will remember you for your valuable contribution.

Great times ahead, keep working hard!!

Jai Hind.

15 अगस्त, 2008

स्वतंत्रता दिवस की 61 वीं वर्षगाँठ के पुनीत अवसर पर मैं आपको एवं आपके परिजनों को हार्दिक बधाई देता हूँ। इस दिन हमें उन शहीदों को श्रद्धांजलि देनी है जिन्होंने इस महान देश को स्वाधीनता दिलाई है। महात्मा गाँधी जी के नेतृत्व में स्वाधीन भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज की युवा पीढ़ी भारत के स्वतंत्रता-संग्राम से भली-भांति परिचित नहीं है परंतु स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भर में बच्चों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के लिए हमारे पूर्वजों द्वारा अतीत में किए गए बलिदानों से संबंधित एकांकियों/नाटकों का प्रदर्शन हमें प्रोत्साहित करता है। यह हमें स्मरण दिलाता है कि स्वाधीनता मुफ्त में नहीं मिलती है हमें इसे हासिल करना पड़ता है। जालियाँवाला बाग की घटना को देख कर मैं विशेष रूप से प्रभावित हुआ जहां बच्चों ने स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए लोगों द्वारा किए बलिदान को बहुत भावुकता से प्रदर्शित किया । आइए हम सब मिलकर देश के स्वतंत्र सेनानियों को उनके बलिदानों के लिए सम्मान , कृतज्ञता एवं श्रद्धांजलि अर्पित करें।

आज मैं आप सब के सामने खड़े होकर प्रयोगशाला की ओर देखता हूँ तो मेरे विचारों में उद्देश्य एवं लक्ष्य घूमते रहते हैं जिन्हें मैंने पिछले कई अवसरों पर निर्धारित किया था । इन अढ़ाई वर्षों में मैंने एक नई वीज़न की स्थापना करने का प्रयास किया जिसमें आप में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है ।

- एक सुदृढ़ एवं एकीकृत आइएमएमटी जिसमें हमारे वैज्ञानिकों के सृजनात्मक एवं अभिनव विचारों को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त किया जा सके ।
- एक अद्भूत सीएसआइआर प्रयोगशाला जहाँ इसके कर्मचारी अपने कर्त्तव्यों को न केवल सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ निष्पादित कर सकते हैं बल्कि इस महान संगठन के भागीदारी के रूप में गौरव का अनुभव भी कर सकते हैं।
- एक शक्तिशाली आइएमएमटी जिसे देश में एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन के रूप में मान्यता दी गई है, जहाँ उत्साह के साथ अनुसंधान में उत्कृष्ठता प्राप्त की जाती है ।

इस तरह उच्च उद्देश्य, बेहतर कार्य निष्पादन एवं लक्ष्यों की प्राप्ति ही इस प्रयोगशाला की वीज़न रही है जिसके लिए हमें किसी ने भी कोई अवसर प्रदान नहीं किया है । अनेक कठिनाइयों के बावजूद हमने धीरे-धीरे ही सही निरंतर गति से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहें । हमने कई क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है और कहीं - कहीं पर असफल भी हुए हैं । परंतु मैं आपको आश्वासन देता हूँ और मेरी दृढ़ धारणा है कि इस प्रयोगशाला में देश की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशाला होने की क्षमता है एवं आने वाला समय ही बताएगा कि हममें कितनी क्षमता है ?

इस पुनीत अवसर पर परम्परा के अनुसार इस संस्थान की कई अनुसंधान गतिविधियों का उल्लेख करते हुए मुझे सन्तुष्टि हो रही है । नेटवर्क परियोजना ने हमारे लौह अयस्क पर अनुसंधान कार्यक्रम को बहुत प्रेरित किया है जो कि इस क्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकताओं को पूरी करती है । मैं डॉ एस के विसवाल को धन्यवाद देता हूँ जिसके प्रयासों से हमें दीर्घ कालीन अनुसंधान कायों के लिए सर्वश्री इसार स्टील के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । इस तरह के कई और अनुसंधान कार्यों के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना है जिसकी सहायता से एक प्रौद्योगिकी उद्यान की स्थापना की जाएगी । मुझे यह उल्लेख करते हुए खुशी हो रही है कि इस प्रौद्योगिकी उद्यान के प्रस्ताव को महानिदेशक अपने समर्थन देने का वादा किया है ।

कोलाइड एवं पदार्थ रसायन के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान करने एवं स्वीकार्य शर्तों पर वैज्ञानिकों के आदान-प्रदान के लिए जपान एवं यूनाइटेड किंगडम के दो प्रमुख संस्थाओं के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने वाला है ।

जैसा कि आप जानते हैं कि आइएमएमटी में प्लाज्मा संसाधन के लिए उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना की जा रही है जो देश भर में अपने आप में अनोखा है जहाँ हम युद्धनीति के अनुप्रयोगों के लिए उन्नत पदार्थों का विकास करना चाहते हैं । यह केन्द्र सीएसआइआर के लिए केन्द्रीय सुविधा के रूप में कार्य करेगी और हमारी अपनी अनुसंधान आवश्यकताओं की पूर्ति के अतिरिक्त राष्ट्रीय फ्यूजन कार्यक्रम के लिए प्रतिपूरक इकाई के रूप में स्थापित की जाएगी ।

औद्योगिक अनुसंधान के लिए हमारी नई वचनबद्धता के साथ साथ आधुनिक सुविधाओं में पूँजी निवेश से कार्य संस्कृति में प्रचुर प्रभाव पड़ा और इससे अनिवार्य रूप से उत्कृष्टता में वृद्धि होगी । इस वित्तीय वर्ष में कई महत्त्वपूर्ण अनुसंधान परियोजनाएं प्राप्त होने की सम्भावना है। कर्नाटक के क्षीण श्रेणी के निक्षेपों से स्वर्ण का निष्कर्षण, बेरिलियम का निष्कर्षण, शैवाल से जैवईंजन, उड़न राख संसाधन केन्द्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी उद्यान आदि उन प्रमुख परियोजनाओं में कुछ परियोजनाएं हैं जिन पर हम इस वर्ष सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं । मैं डॉ आर के परमगुरु एवं उनके ब्रिल दल, श्री पी एस आर रेड्डी एवं उनके दल, श्री एल बी शुक्ल, डॉ बी डी नायक, डॉ बी बी नायक, डॉ जी वी राव, डॉ पी के पण्डा , श्री एस के मिश्र, श्री एस के खुन्टिया और अन्य कई लोग जिनके अथक प्रयासों से इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन को शीघ्र सुनिश्चित किया जा सका ।

हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह ने शिल्प आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया है और व्यावसायिक शिक्षा एवं शिल्प विकास पर एक नया राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरु किया गया । इस कार्यक्रम में निजी क्षेत्रों से सक्रिय भागीदारी के साथ 100 लाख छात्रों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा । इस विचार से प्रेरित होकर हमने बॉल रोलिंग हेतु स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने के लिए मुख्यालय से अनुमदि माँगी है । यहाँ हम डिप्लोमा कार्यक्रम के प्रतिपूरक के रूप में डिप्लोमा धारित छात्रों को उन्नत अभियांत्रिकी उपकरणों को प्रदर्शित करके उनके कौशल में वृद्धि करना चाहते हैं जिससे वे उद्योगों में चुनौतीपूर्ण कार्यों को आसानी से कर सकें । मुझे यह घोषित करते हुए खुशी हो रही है कि एसएसआइआरएआइएसटी के तत्त्वावधान में अगले शैक्षिक वर्ष से हमारा यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा ।

15 अगस्त, 2006 को मैं ने अनुसंधान करने की स्वतंत्रता पर वार्तालाप की थी और ठीक उसी दिन 2007 को मैंने अनुसंधान की गुणवत्ता पर बातचीत की । आज मैं आइ एम एम टी में टीम वर्क एवं अनुसंधान व विकास में उसके प्रभाव पर संक्षिप्त में बात करना चाहूँगा । मैं यह मानता हूँ कि व्यक्ति को इस तरह से अनुसंधान करना चाहिए कि अगले व्यक्ति उसके द्वारा किए गए कार्य पर और आगे का शोध कार्य कर सके । इस तरह संचित रूप से विज्ञान में अग्रसर हो सकते हैं और तभी व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण के बदले वृहत् पैमान पर एक श्रेणी की समस्याओं के निराकरण के लिए हम प्रयत्न कर सकेंगे । ऐसी स्थिति में एक टीम भावना की आवश्यकता होती है जिसमें सहयोग एवं विश्वास की भावना निहित होती है । एक टीम में मैं यह चाहता हूँ कि नेतृत्व का आबंटन हो जहाँ व्यक्ति स्वेच्छा से योगदान करे, जोखिम उठाएं एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा दे एवं उसकी जिम्मेदारी सुपरिभाषित हो । जब त्रूटियाँ हो तो उसे ज्ञान-अर्जन के स्त्रोत के रूप से स्वीकार किया जाए न कि दण्ड के कारण के रूप में । यह एक मूलभूत नीति है जिसके द्वारा युवा सदस्यों को दल में शामिल किया जाता है । इस तरह आमेलन एवं प्रशिक्षण से प्रतिभा में वृद्धि होती है और इससे हमें काफी सफलता भी मिली है परंतु विशेषकर दलगत भावना के निर्माण के लिए हमें और मंजिलें तय करनी है ।

हमारे युवा वैज्ञानिक हैरानी एवं परेशानी का अनुभव कर रहे हैं और शायद शान्त हैं । मैं कम से कम सप्ताह में एक बार उनसे विचार विमर्श करता हूँ । मैं उनकी समस्याओं को समझता हूँ और उनमें से अधिकतर समस्याएं हमारी कार्य प्रणाली से संबंधित हैं । स्मरण रहे हम कितने भी अच्छे वैज्ञानिक क्यों न हों, हमें यह सीखने की आवश्यकता पड़ेगी कि किस तरह हमें विद्यमान प्रणाली से साथ मिलकर कार्य करना है और एक बार यदि हम यह जान गए तो हम इसका भरपूर लाभ उठा सकेंगे। यदि आप इससे लाभान्वित होना चाहते हैं तो सीएसआइआर प्रणाली में अनेक सुविधाएं हैं। इसमें धैर्य की आवश्यकता है परंतु यदि आप अपने लाभ के लिए प्रणाली का उपयोग करना सीखते हैं तो इसका लाभ उठा सकते हैं । इस प्रणाली में यदि आप कुछ करना चाहते हैं , करिए , किसी से कुछ पूछने की आवश्यकता नहीं है, बस करते जाइए, मेरी तरह से आपको पूरा समर्थन प्राप्त होगा ।

युवा पीढ़ी से बाचचीत के दौरान मुझे घोषित करते हुए खुशी हो रही है कि अभियांत्रिकी विज्ञान में जीविका के विकल्प पर एक दो दिवसीय कार्यक्रम 17-18 सितम्बर, 2008 के दौरान आयोजित किया जाएगा । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है युवा अध्येताओं को (बी टेक / बी ई के 7वें सत्र या एम टेक/एमएससी कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष में पढ़ रहे छात्र) आइ एम एम टी में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक अनुसंधान एवं आधारभूत सुविधाओं से परिचित कराना एवं इस प्रयोगशाला के प्रमुख वैज्ञानिकों से बात चीत करने के लिए मंच प्रदान करना है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मैं आपकी भागीदारी की अपेक्षा करता हूँ ।

जब से मैंने इस संस्थान में कार्य भार ग्रहण किया तब से आधारभूत सुविधाओं का आधुनिकीकरण एवं सुंदर कार्य परिवेश निमार्ण करना मेरा मुख्य केन्द्रबिन्दु था। आपको इस तरह के परिवेश का आभास मिल जाएगा जब आप इस उद्यान की ओर नज़र उठा कर देखेंगे तो जहॉं दो वर्ष की अवधि में ही इसमें तरह तरह के फूल खिलने लगे हैं । कुल मिलाकर मेरा प्रयत्न यह रहा कि आधुनिक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में वृद्धि के लिए एक आवश्यक मंच प्रदान किया जा सके । उत्कृष्ठ प्लाज्मा संसाधन केन्द्र के माध्यम से कई नई सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी, जबकि दो अन्य नॉन नेटवर्क परियोजनाओं के लिए नए उपकरणों को स्थापित करने के लिए कुछ पुराने उपकरणों को हटाना भी पड़ेगा ।

मैं आइएमएमटी के मेरे सहकर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति भी वचनबद्ध हूँ । इस परिसर में मनोरंजन संबंधि गतिविधियों में वृद्धि के लिए कुछ और सुविधाएं स्थापित करने की आवश्यकता है । सामने का मैदान एवं टेनिस कोर्ट शीघ्र ही तैयार हो जाएगा और उसके बाद हम एक शिशु उद्यान तैयार करेंगे । परिसर समुदाय की बढ़ती मॉंगों की पूर्ति के लिए अगले वर्ष एक बहु-प्रयोजनीय मनोरंजन केन्द्र का निर्माण किया जाएगा ।

हम लोग सीएसआइआर के "सर्व शिक्षा अभियान" कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि 6 से 14 वर्षों के बीच के सभी बच्चे विद्यालय में औपचारित शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं । साथ ही अभिभावकों को प्रेरित करेंगे कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेंजे। सीएसआइआर यह अपेक्षा करती है कि अनुसंधान छात्र , परियोजना सहायक, एवं सेवा निवृत्त वैज्ञानिक परिसर के बच्चों को कम्प्यूटर एवं विज्ञान विषयों को पढ़ाने के लिए कुछ समय निकालें । विद्यार्थियों के शैक्षिक परिणामों में वृद्धि के लिए प्रयास किए जाएंगे और विज्ञान को जीविका के रूप में चयन करने के लिए उन्हें प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा । इस विचार से मैं पुलकित हो गया हूँऔर आशा करता हूँ कि आप सभी इस योजना में सहयोग एवं योगदान देगें ।

हमारे परिसर में कम्प्यूटरों एवं इंटरनेट सुविधा के साथ एक परिसर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी और हमारी आवश्यकताओं एवं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्यालय परिसर में महिला कर्मचारियों के लिए एक डे केयर सेन्टर भी खोला जाएगा ।

विगत वर्ष मैंने वित्त एवं लेखा नियंत्रक, प्रशासनिक अधिकारी, भण्डार एवं क्रय अधिकारी एवं अधीक्षक अभियंता से विभागाध्यक्ष के रूप में कुशल प्रबंधन एवं समन्वयन के लिए बेहतर सहयोग बनाये रखने के लिए अनुरोध किया था । मैं यह निश्चित रूप से कहता हूँ कि स्थिति में सुधार हुई है और काफी उत्साहजनक है फिर भी इसमें थोड़ा और सुधार की गुंजाइश है । आप में से प्रत्येक व्यक्ति एक ऐसा माहौल तैयार करने का प्रयास करें जहाँ वैज्ञानिक कठिन स्थितियों में भी अपने को सुविधाजनक परिस्थिति में महसूस करें । प्रयोगशाला की दीर्धकालीन सम्पोषण निस्संदेह वैज्ञानिकों के हाथों में ही है । आने वाले समय में कार्य भार और अधिक बढ़ जाएगा और आप से अधिकाधिक कार्य-निष्पादन की अपेक्षा की जाती है ।
मैं यह स्वीकार करता हूँ कि जब से प्रोफेसर समीर ब्रह्मचारी ने महानिदेशक के रूप में सीएसआइआर की बागडोर संभाला है , प्राय: सभी जगहों में आइएमएमटी की अवधारण में परिवर्तन आया है और जो कि हमारे लिए बहुत महत्त्वूर्ण है । मैं यह अवश्य कहना चाहूँगा कि उनके प्रोत्साहन एवं सामयिक सलाह न मिला होता तो मेरे लिए कार्य करना संघर्षमय हो गया होता । इस अवसर पर मैं प्रोफेसर ब्रह्मचारी को इस प्रयोगशाला के लिए महत्त्वपूर्ण सलाह एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।
अंतत: जब हम आगे की ओर बढ़ते हैं तब मैं उन विघटनकारी शक्तियों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। इन विघटनकारी तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं परंतु मैं आपको आश्वासन देता हूँ कि आइएमएमटी को एक महान स्थायी संस्थान के रूप में निर्माण के मार्ग में जो भी आएगा उसका डटकर सामना किया जाएगा । आपमें से कोई भी जो अपनी योग्यता एवं क्षमता से इस प्रयोगशाला की उन्नति के लिए योगदान देना चाहते हैं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा एवं आपके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए यह प्रयोगशाला आपको सदा स्मरण करती रहेगी ।

आने वाले समय में सफलता के लिए और अधिक कठिन परिश्रम की कामना करते हुए ।

जय हिंद ।